{}

15. **अभिकथन (A) :** ऐरोमैटिक प्राथमिक ऐमीनों का विरचन गैब्रिएल थैलिमाइड संश्लेषण द्वारा किया जा सकता है ।

**कारण (R) :** ऐरिल हैलाइड थैलिमाइड से प्राप्त ऋणायन के साथ नाभिकरागी प्रतिस्थापन अभिक्रिया नहीं कर सकते । 1

16. **अभिकथन (A) :** ग्लूकोस, ब्रोमीन जल द्वारा ऑक्सीकृत होकर छः कार्बन परमाणुयुक्त ग्लूकॉनिक अम्ल बनाता है ।

**कारण (R) :** ग्लूकोस की विवृत शृंखला संरचना में कार्बोनिल समूह अनुपस्थित है । 1

## खण्ड – ख

17. (A) किसी प्रथम कोटि अभिक्रिया में अभिकारक की सांद्रता 5 मिनट में 0.6 mol $L^{-1}$ से घटकर 0.2 mol $L^{-1}$ रह जाती है । अभिक्रिया के लिए वेग स्थिरांक परिकलित कीजिए ।
(log 3 = 0.48) 2

**अथवा**

(B) किसी प्रथम कोटि अभिक्रिया के लिए वेग स्थिरांक, k, $2.54 \times 10^{-3}$ $s^{-1}$ है । अभिकारक के तीन-चौथाई विघटन के लिए लगने वाले समय की गणना कीजिए ।
(log 4 = 0.60) 2

18. (a) सक्रियण ऊर्जा को परिभाषित कीजिए ।
(b) (i) शून्य अभिक्रिया कोटि और 1 + 1
(ii) द्वितीय अभिक्रिया कोटि के लिए वेग स्थिरांक की इकाई लिखिए ।

19. (a) Zn की प्रथम आयनन एन्थैल्पी की तुलना में Cr की प्रथम आयनन एन्थैल्पी निम्न होती है । क्यों ? 1 + 1
(b) संक्रमण तत्वों के किसी एक गुणधर्म का उल्लेख कीजिए जो उन्हें एक उत्तम उत्प्रेरक बना देता है ।

20. (a) उपसहसंयोजन संख्या की परिभाषा लिखिए ।
(b) निम्नलिखित संकुल द्वारा प्रदर्शित समावयवता का प्रकार इंगित कीजिए : 1 + 1
$[Co(en)_3]Cl_3$

{}

21. (a) दिए हुए यौगिक की संरचना बनाइए : 1 + 1

4–ब्रोमो–3–मेथिलपेन्ट–2–ईन

(b) क्या होता है जब क्लोरोएथेन को जलीय पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड के साथ अभिक्रियित किया जाता है ?

## खण्ड – ग

22. जब किसी अवाष्पशील विलेय के 1.5 g को 90 g बेन्जीन में घोला गया तो बेन्जीन का क्वथनांक 353.23 K से बढ़कर 353.93 K हो गया । विलेय के मोलर द्रव्यमान की गणना कीजिए । 3

(दिया है : बेन्जीन के लिए $K_b = 2.52 \text{ K kg mol}^{-1}$)

23. 298 K पर निम्नलिखित सेल का emf परिकलित कीजिए : 3

$Sn \mid Sn^{2+} (0.001 \text{ M}) \parallel H^+ (0.01 \text{ M}) \mid H_{2(g)} (1 \text{ bar}) \mid Pt_{(s)}$

दिया है : $E^o_{Sn^{2+}/Sn} = -0.14 \text{ V}$,

$E^o_{H^+/H_2} = 0.00 \text{ V}$ [log 10 = 1]

24. (a) निम्नलिखित समीकरणों को पूर्ण एवं संतुलित कीजिए : 2 + 1

(i) $2KMnO_4 \xrightarrow{513 \text{ K}}$

(ii) $Na_2Cr_2O_7 + 2KCl \longrightarrow$

(b) लैंथेनॉयड तत्वों को शुद्ध अवस्था में पृथक करना कठिन क्यों होता है ?

25. (a) $[Co(NH_3)_6]^{3+}$ प्रतिचुंबकीय है जबकि $[CoF_6]^{3-}$ अनुचुंबकीय है । इस कथन का औचित्य दीजिए । [Co का परमाणु क्रमांक = 27] 2 + 1

(b) क्रिस्टल क्षेत्र सिद्धांत के आधार पर $d^4$ आयन का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास लिखिए यदि $\Delta_0 > P$ है ।



Scanned with OKEN Scanner

{}

26. (a) निम्नलिखित अभिक्रिया के मुख्य उत्पाद को लिखिए : **1 + 1 + 1**

 $+ Br_2 \xrightarrow{\text{ऊष्मा}} ?$

(b) रैसिमिक मिश्रण की परिभाषा लिखिए।

(c) डाइक्लोरोबेन्जीन के आर्थो तथा मेटा समावयवों की अपेक्षा p-डाइक्लोरोबेन्जीन का गलनांक उच्च होता है, क्यों ?

27. निम्नलिखित में सम्मिलित अभिक्रियाएँ लिखिए : **1 + 1 + 1**

(a) रोज़ेनमुंड अपचयन

(b) कैनिज़ारो अभिक्रिया

(c) हेल–फोलार्ड–जेलिंस्की अभिक्रिया

28. (A) निम्नलिखित की परिभाषा लिखिए : **2 + 1**

(a) अपचायी शर्करा

(b) निम्नलिखित के मध्य अंतर कीजिए :

(i) रेशेदार प्रोटीन और गोलिकाकार प्रोटीन

(ii) न्यूक्लिओटाइड और न्यूक्लिओसाइड

**अथवा**

(B) ग्लूकोस की निम्नलिखित के साथ अभिक्रिया लिखिए : **3 × 1 = 3**

(a) $H_2N - OH$

(b) $(CH_3CO)_2O$

(c) सांद्र $HNO_3$

